# बीडीएम इंटरनेशनल का शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता:** बीडीएम इंटरनेशनल द्वारा जारी सीबीएसई एसएससीई 2026 परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष कुल 603 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 99.83 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। स्कूल का औसत परिणाम 80.51 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि 38 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। मानविकी (ह्यूमैनिटीज) की छात्रा शीतल प्रिया ने 493 अंक (98.6%) हासिल कर पूरे स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से उत्तालिका नंदा, अनुराग दत्ता और ओयशी घोष रहे जिन्होंने 490 अंक (98%) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर सुभोमिता मुखर्जी रहीं जिन्होंने 488 अंक (97.6%) हासिल किए। मानविकी में प्रथम शीतल प्रिया- 98.6% , द्वितीयः ओयशी घोष- 98% व तृतीयः सुभोमिता मुखर्जी- 97.6% रही। विज्ञान में प्रथम उत्तालिका नंदा- 98% , द्वितीय सव्यसाची लस्कर-96.6% व तृतीय कनिष्क मुखर्जी- 96.2% रहीं। वाणिज्य में प्रथम अनुराग दत्ता- 98%, द्वितीय श्रेष्ठा दास- 97.2% व तृतीय अद्रिक टिकादार- 96.8% रहे।

Bartaman Patrika, 15.05.26, Kolkata